दिनांक : 10.08.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अधिक उपज वाली और जलवायु–अनुकूल फसलों की 109 किस्में करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना के तहत 1 हजार 897 करोड़ रुपये की राशि की जारी ।
- हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों उत्साह, 14 को भोपाल में निकलेगी तिरंगा यात्रा।
- प्रधानमंत्री आदिवासी जनमन महाभियान में पक्का आवास बनाने में मध्यप्रदेश सबसे आगे ।

## प्रधानमंत्री – फसलें जारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में अधिक उपज वाली और जलवायु–अनुकूल तथा बायोफोर्टिफाइड फसलों की 109 किस्में जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल में बताया कि लैब टू लैंड नीति के तहत फसलों की इन किस्मों का लोकार्पण करेंगे। श्री चौहान ने बताया कि 109 किस्मों में अनाज की 23,बागवानी की 40,तिलहन की 7 और कपास की 5 किस्में शामिल हैं। ये सभी किस्में जलवायु अनुकूल और कीट नाशकों के कम इस्तेमाल के अनुरूप हैं। इन्हें कृषि जलवायु क्षेत्र के मुताबिक तैयार किया गया है। श्री चौहान ने बताया कि सरकार ने स्वच्छ पौध कार्यक्रम भी शुरू किया है। इसके लिए 17 सौ करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं।

## सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित स्वयं सहायता समूह सम्मेलन और बहनों के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के तहत 1 हजार 897 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। इसके तहत प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को हर महीने मिलने वाली 1 हजार 250 राशि के अतिरिक्त 250 रुपए रक्षाबंधन पर्व के शगुन के रूप में उनके बैंक खातों में भेजे गये। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना के हितग्राहियों को 3 सौ 32 करोड़ की राशि एवं गैस रिफील योजना में 52 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण भी किया गया । वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज टीकमगढ़ में लाड़ली बहना षगुन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लाडली बहनों को आर्थिक रुप से सषक्त बनाने के लिये आने वाले दिनों में रोजगार के माध्यम से 10 से 12 हजार रुपये महीना मिले इस तरह की योजना हम जल्द ला रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकमगढ़ में शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा। डॉ. यादव ने कहा कि केन–बेतवा अन्तर्राज्यीय लिंक परियोजना से बुंदेलखंड के हर किसान के खेत तक पानी पहुंचेगा । कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार भी मौजूद थे।

## वित्तमंत्री– आरबीआई सीबीडी बैठक

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों में कोर बैंकिंग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री ने बैंकों से जमा और उधारी राशि से संबंधित प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार बैंकिंग नियम संशोधन ला रही है । संशोधनों में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण पुनर्गठन संशोधन शामिल हैं। बैठक में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि बैंक ब्याज दरों पर फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि जमा और उधारी पर ब्याज दर विनियमित होते रहते हैं।

## तिरंगा यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर 09 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान जारी हैं। इसी क्रम में प्रदेष के छतरपुर जिले में बिजावर विधायक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई । अशोकनगर जिले में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आज जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पथरिया में रैली का आयोजन किया गया । गुना में प्रधान डाकघर एवं संभाग के अन्य डाकघरों के द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। अनूपपुर में कलेक्टर के निर्देशन में आज बाईक रैली निकाली गई। खंडवा में महापौर के नेतृत्व में वाहन रैली निकालकर राष्ट्रभक्ति का संदेष दिया गया। वहीं राजधानी भोपाल में 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। यह यात्रा कोलार के मदर टेरेसा स्कूल से बैरागढ़ के दीनदयाल उपाध्याय मंडी भैसाखेड़ी तक जाएगी। 30 किलोमीटर के इस मार्ग में 500 से अधिक स्वागत मंच बनाए जाएंगे।

## जनमन महाभियान

देश में प्रधानमंत्री आदिवासी जनमन महाभियान में विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय परिवारों के लिये पक्का आवास बनाने में मध्यप्रदेश सबसे आगे है। मध्यप्रदेश में कुल 1 लाख 13 हजार 433 जनमन आवास स्वीकृत हुए थे। इनमें से 22 हजार 619 आवास बनाकर मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। उडीसा 1 हजार 620 आवासों के साथ दूसरे, छत्तीसगढ़ 526 आवास बनाकर तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में शिवपुरी में सबसे ज्यादा 4 हजार 443 आवास बने हैं। उमरिया 3 हजार 264 आवास बनाकर दूसरे और शहडोल 3 हजार 164 आवासों के साथ तीसरे, मंडला 2 हजार 112 आवासों के साथ चौथे और अनूपपुर 1 हजार 891 के साथ पांचवे स्थान पर है। इसके साथ ही देश की पहली प्रधानमंत्री जनमन कालोनी शिवपुरी में बनाकर मध्यप्रदेश ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## सम्मान

मुरैना जिले में स्व–सहायता समूह की दो ड्रोन दीदियों को 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के नई दिल्ली में होने वाले मुख्य आयोजन में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर मिला है।

ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक तंगी से जूझ रहीं इन महिलाओं का जीवन स्तर आजीविका मिशन से जुडने़ के बाद बदल गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले ने बताया कि आजीविका मिशन के स्व–सहायता समूह से जुडक़र ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण लेने के बाद किसानों को कम लागत में तरल खाद का छिडक़ाव खेतों में कर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रूपये की आय पैदा करने वाली महिलाओं ने जिले में अपनी पहचान बना ली है।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में एक बार फिर मानसूनी गतिविधियां शुरू हो गई है। कल भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 18 जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। प्रदेश में चक्रवात और मानसून ट्रफ लाइन की वजह से कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक मानसून ट्रफ लाइन एक्टिव है। मानसून ट्रफ प्रदेष के कई जिलों से होकर गुजर रही है। इस वजह से उत्तरी और पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में गरज–चमक और हल्की बारिश होने का अनुमान है। हालांकि, कल से बारिश की एक्टिविटी कम हो जाएगी और कहीं–कहीं बूंदाबांदी, गरज–चमक की स्थिति बनी रहेगी।

## हॉकी सदस्य

पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक विजेता और भारतीय राष्ट्रीय हॉकी टीम के सदस्य, मध्यप्रदेश पुलिस के डीएसपी विवेक सागर कल भोपाल पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस खेल विभाग के 50 खिलाड़ी डीएसपी विवेक सागर की अगवानी, करेंगे।

**समाचार संक्षेप**

- सीहोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
- राज्य शासन द्वारा रक्षाबंधन–श्रावण उत्सव अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन 13 अगस्त कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशन कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में संपन्न किया जायेगा।
- मिशन शक्ति अन्तर्गत आगरमालवा में कल हुई बैठक में कलेक्टर ने कहा कि चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बरों के व्यापक प्रचार–प्रसार स्थानीय बसों, आटो में लेखन व स्टीकर के माध्यम से किया जाए।
- आयुष विभाग देवास जिले में घर–घर दस्तक देकर बारिश में खान–पान और बीमारियों से बचाव की जानकारी दे रहा है। जिले के विभिन्न आयुष आरोग्य केंद्रों तथा औषधालय की टीमें ऋतु के अनुरूप खान–पान के तौर–तरीके तथा बीमारियों से बचने के गुर सीखा रहे हैं।

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अधिक उपज वाली और जलवायु–अनुकूल फसलों की 109 किस्में करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना के तहत 1 हजार 897 करोड़ रुपये की राशि की जारी ।
- हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों उत्साह, 14 को भोपाल में निकलेगी तिरंगा यात्रा।
- प्रधानमंत्री आदिवासी जनमन महाभियान में पक्का आवास बनाने में मध्यप्रदेश सबसे आगे ।

.......................